तापमान
अधिकतम 24.9 डिग्री
न्यूनतम 5.4 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, गुरुवार, 6 फरवरी 2025

14 मेयर के लिए 1.93 लाख मतदाता करेंगे मतदान



14 राहगीरों को साइबर अपराध के खिलाफ किया जागरूक



## खबर संक्षेप

### बीएड व बीएससी नर्सिंग के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू

**पानीपत।** इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय(इग्नू), शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार क्षेत्रीय निदेशक डॉ.धर्मपाल ने बताया की विश्वविद्यालय द्वारा जनवरी 2025 सत्र के लिए बीएड और बीएससी नर्सिंग (पीबी) प्रवेश परीक्षा हेतु पंजीकरण की प्रक्रिया आरम्भ कर दी गयी है। उन्होंने बताया कि बीएड कार्यक्रम की न्यूनतम अवधि दो वर्ष है। बैचलर ऑफ एजुकेशन (बी.एड.) कार्यक्रम केवल अंग्रेजी और हिंदी माध्यम में पेश किया जाता है। उन्होंने बताया कि प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन पंजीकरण करने की अंतिम तिथि 21 फरवरी 2025 निर्धारित की गयी है।

### दो बाल श्रमिकों को कराया गया मुक्त

**पानीपत।** राष्ट्रीय बाल संरक्षण एवं अधिकार आयोग के बाल श्रम के खिलाफ एक कदम राष्ट्रव्यापी अभियान और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पानीपत के दिशा निर्देशानुसार एमडीडी ऑफ इंडिया की टीम द्वारा शिकायत मिलने पर एंटी ह्यूमन ट्रैफिक यूनिट द्वारा बाबरपुर मंडी में दुकान पर बाल श्रम कर रहे दो बच्चों को रेस्क्यू कर बाल कल्याण समिति में पेश कर बाल देखभाल गृह भेजा गया। इस कार्रवाई में मानव तस्करी विरोधी इकाई से स्टेट क्राइम ब्रांच इंचार्ज एसआई संदीप कुमार, एएसआई सुनील कुमार और एमडीडी ऑफ इंडिया संस्था से अजय चौहान मौजूद रहे।

### सड़क हादसे में पिता की मौत, बेटी जख्मी

**अंबाला।** हंडेसरा सीमा नगला के पास देर रात डंफर ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाप की मौत हो गई। वहीं लड़की को पीजीआई रेफर किया गया है। मृतक की पहचान पंचकूला के भगवानपुर निवासी 45 वर्षीय विजेंदर के रूप में हुई। 14 वर्षीय बेटी पलक को अंबाला शहर नागरिक अस्पताल से चंडीगढ़-32 जीएमसीएच रेफर कर दिया। मृतक का शव सिटी नागरिक अस्पताल की मोर्चरी में है। हादसे के बाद लंबा जाम लग गया था।

### जागरण से लौटे रहे युवक की सडक़ हादसे में मौत

**पानीपत।** नांगल खेड़ी अड्डे पर अज्ञात वाहन की टक्कर से नेपाल के रहने वाले व्यक्ति की मौत हो गई। वह अपने दोस्त के साथ जागरण देखने गया था। जहां से अकेला घर लौट रहा था। रास्ते में वह सडक़ हादसे का शिकार हो गया। हादसे की शिकायत मृतक के दोस्त ने पुलिस को दी है। पुलिस शिकायत में शिराज ने बताया कि 3 फरवरी को वह विनोद साउद उर्फ योगेंद्र निवासी नेपाल व हाल निवासी फ्लोरा चौक के साथ सेक्टर 29 में जागरण देख रहा था। तभी विनोद ने उसे कहा कि वह घर जा रहा है। वह घर जाने के लिए वहां से निकल गया। कुछ देर बाद राहगीर ने विनोद के फोन से उसे कॉल की। कॉल करने वाले ने बताया कि विनोद का नांगल खेड़ी अड्डे पर एक्सीडेंट हो गया है।

## केंद्रीय मंत्री ने ली जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक

# योजनाओं का लाभ पात्र लोगों को समय पर दें अधिकारी: मनोहर लाल

- योजना में सुधार के लिए सुझाव मिलने पर करवाएंगे संशोधन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल ने जिला सचिवालय में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों से कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का पूरा लाभ पात्र लोगों को मिलना चाहिये। किसी भी योजना में सुधार के लिये कोई सुझाव है तो उसे जरूर बतायें। योजना में संशोधन कराया जा सकता है। उन्होंने कहा कि कल्याणकारी राज्य का उद्देश्य भी गरीबों, जरूरतमंदों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि अधिकारी विकासात्मक परियोजनाओं की गति तेज करें और जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्ति को समय पर दें तथा जनता के सेवक बनकर कार्य करें। बैठक के एजेंडे में केंद्र सरकार की शामिल 40 योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ उन्हीं को मिलेगा जिनकी पक्की रजिस्ट्री होगी, फूल पेमेंट एग्रीमेंट वालों के लिए यह योजना नहीं होगी। पानीपत में करीब 276 केस ऐसे हैं। उन्होंने एमपीएलएडीएस (सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना) के तहत लंबित कार्यों के बारे में जानकारी भी मांगी, जिस पर उन्होंने कहा कि तय समय में ये कार्य पूरे कर लिये जाएं। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकानों के बारे में लोगों को बताया जाए कि पहले, दूसरे, तीसरे, चौथे व पांचवें साल कितने मकान बनाये जायेंगे। पात्र लोगों को भी इस बारे में सूचित किया जाये कि उसे कौन से साल मकान मिलेगा। उन्होंने सोइल हेल्थ कार्ड बनाए जाने को लेकर भी निर्देश दिए कि इसके लिए स्कूलों के 12वीं कक्षा के विज्ञान के विद्यार्थियों की सहायता ली जाए। उन्होंने कृषि अधिकारियों को निर्देश दिये कि मिट्टी की गुणवत्ता की जांच के लिये लोगों को जागरूक करने के लिये अभियान चलायें। दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय योजना के तहत हुए कार्यों की समीक्षा करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि ऐसी व्यवस्था बनायें जिससे यह पता चल सके स्वयं सहायता समूह(एसएचजी)क्या कार्य करता है, कौन सा उत्पाद तैयार करता है, तैयार उत्पाद का क्या प्रमाणीकरण कराया जाता है। शिक्षा अधिकारी को स्कूलों में टूटे डयूल डेस्क की समय पर मरम्मत कराने के निर्देश दिये। इसके लिए आईटीआई के विद्यार्थियों की सहायता ली जाए। उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग की अधिकारी से कहा कि ऐसा पोर्टल बनाया जाये जिससे कि बच्चों को वितरित किये गये राशन, उनकी उपस्थिति की पूरी जानकारी का पता चल सके। उन्होंने लिंग अनुपात में सुधार के लिये पीसीपीएनडीटी एक्ट को प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश दिये।





पानीपत। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक लेते हुए।

### समस्याओं के समाधान की समीक्षा

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने लघु सचिवालय पहुंचकर फरियादियों से मुलाकात की तथा उनकी समस्याएं सुनी कुछ का मौके पर निदान किया। कुछ की हल की प्रक्रिया शुरू कर दी तथा अब तक के कामों की समीक्षा की। मनोहर लाल ने कहा गजेंद्र सलूजा निरंतर जनता की समस्याओं से अवगत करवाते रहते तथा हल करवाते रहते हैं। इस कार्यालय के माध्यम से मैं निरंतर अपने लोगों से जुड़ा रहता हुं। जनता की सभी उचित समस्याओं का निदान हर हाल में किया जाएगा । उन्होंने निकाय चुनावों का जिक्र करते हुए कहा कि प्रदेश में डबल इंजन की सरकार है। अब पानीपत निकाय में भाजपा की सरकार बना कर इसे ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने जा रही है। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता अभी से ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने में जुट जाएं।

# रम्बा नहर में मिला गांव बारवा के युवक का शव



तरावड़ी। शव को तलाश करती पुलिस की टीम

- 8 दिन से था लापता, दोस्तों ने की हत्या, पैसों को लेकर विवाद
- कुरुक्षेत्र के गांव बारवा का निवासी था मृतक कृष्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तरावड़ी

कुरुक्षेत्र के गांव बारवा के युवक कृष्ण की हत्या के मामले में पुलिस ने रंभा नहर से शव बरामद कर लिया है। शव रंभा पुल से करीब एक किलोमीटर के दायरे में मिला है। शव बरामद करने के लिए एनडीआरएफ की टीमों और पुलिस ने सर्च ऑपरेशन चलाया हुआ था। नहर का पानी भी कम करवाया गया। जिसके बाद शव बरामद हुआ।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए करनाल के कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में भेज दिया है। पोस्टमार्टम के बाद मौत के असली कारणों का खुलासा हो पाएगा। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। बता दें कि कुरुक्षेत्र के गांव बारवा में बीती 29 जनवरी की शाम को दोस्तों ने पैसे देने के लिए फोन कर कृष्ण को घर से बुलाया था। घर से निकलने के महज आधे घंटे बाद ही उसका फोन बंद हो गया। जब वह घर नहीं लौटा, तो चिंता बढ़ गई। मृतक के बड़े भाई प्रवीण ने बताया कि कृष्ण जिन दोस्तों से पैसे लेने के लिए घर से निकला था, हम उनके घर पर भी गए, लेकिन वहां जवाब मिला कि पूरा परिवार वैष्णो देवी गया हुआ है।

31 जनवरी को पुलिस में एफआईआर दर्ज करवाई। उसी शाम हमारे पास सीआईए-2 कुरुक्षेत्र से फोन आया, जिसमें बताया गया कि कृष्ण की हत्या कर दी गई है और शव को रम्बा नहर में फेंक दिया गया था। आज सर्च ऑपरेशन नहर पर शुरू किया गया, तो रंबा के पास ही कृष्ण का शव मिल गया। बताया कि दोस्तों ने दोस्त की हत्या कर रंबा नहर में डाल दिया था।

## ग्रामीण युवाओं को मिलेगा ड्रोन प्रशिक्षण से रोजगार



**पानीपत।** हरियाणा सरकार एवं एवीपीएल इंटरनेशनल के सहयोग से राज्य के 318 ग्रामीण युवाओं को ड्रोन मैन्युफैक्चरिंग और एग्री. सर्विस इनपुट डीलर बनने का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन एचएसआरएलएम के तहत गुरुग्राम और हिसार में संचालित होगा। एचएसआरएलएम की सीईओ डा.अमरेंदर कौर ने कहा कि युवाओं को आधुनिक तकनीकों से जोडक़र आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे न केवल उन्हें बेहतर भविष्य मिलेगा, बल्कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। जिसका उद्देश्य ग्रामीण युवाओं को तकनीकी रूप से कुशल बनाना, रोजगार के अवसर व जीवन में बड़ा बदलाव लाना है। एवीपीएल इंटरनेशनल की संस्थापक प्रीत संधू ने कहा कि हमारा उद्देश्य युवाओं को नई तकनीकों से प्रशिक्षित कर उन्हें रोजगार के नए अवसर देना है। युवा तकनीकी प्रशिक्षण मिलने से वे आधुनिक उपकरणों और प्रक्रियाओं को समझ सकेंगे।

### सोशल मीडिया पर युवती को भेजा अश्लील मैसेज

**यमुनानगर।** बिलासपुर थाना क्षेत्र में सोशल मीडिया पर युवती को अश्लील मैसेज भेजने के आरोप में पुलिस ने एक युवक व महिला के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोपियों ने उसे अगवा करके जान से मारने की धमकी भी दी है। बिलासपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 20 वर्षीय युवती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने सोशल मीडिया पर अपने नाम से अकाउंट बनाया हुआ है। उसकी आईडी पर पानीपत निवासी सौरभ ने अश्लील मैसेज भेजा। वह सौरभ को पहले से जानती है। जब उसने सौरभ की इन हरकतों का विरोध किया तो आरोपी ने गांव मारवा कलां निवासी सुनीता देवी के साथ मिलकर उसे अगवा करके जान से मारने की धमकी दी। परिजनों ने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी।

# नाबालिग की पीट-पीट कर हत्या, साथी गंभीर

- चार युवकों ने उनका रास्ता रोक कर दिया वारदात को अंजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

शहर की खटीक बस्ती में कुछ युवकों ने बाइक सवार दो दोस्तों का रास्ता रोककर उन पर हमला कर दिया। 17 वर्षीय नाबालिग की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। वारदात के दौरान नाबालिग पर धारदार हथियार से हमला किया गया। उसके साथी 18 वर्षीय युवक पर भी हमला किया गया। वारदात के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए।

स्थानीय लोगों ने दोनों को वहां से सिविल अस्पताल पहुंचाया। जहां एक को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। जबकि दूसरे को इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार रात लगभग 9 बजे आरके पुरम निवासी 17 वर्षीय ऋषभ अपने दोस्त कृष निवासी विराटनगर के साथ मोटरसाइकिल पर खटीक बस्ती में आया था। यहां पर चार युवकों ने उनका रास्ता रोक लिया। चारों ने दोनों पर लाठी डंडों और चाकू से हमला कर दिया।

ऋषभ के सिर और छाती पर लाठी डंडों और चाकू से हमले किए गए। दोनों ने शोर मचाया लेकिन राहगीरों ने उनकी मदद नहीं की। ऋषभ और कृष खून से लथपथ हालत में गली में गिर गए और बेहोश हो गए। आरोपी यहां से अपने मोटरसाइकिल पर फरार हो गए। कॉलोनी के लोगों ने दोनों को निजी वाहन से जिला नागरिक अस्पताल में भिजवाया। जहां ऋषभ को मृत घोषित कर दिया गया। कृष की हालत भी गंभीर बनी हुई है।

### वाहन की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

**पानीपत।** गांव बाबरपुर के पास एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने सडक़ पर बुजुर्ग को टक्कर मार दी। हादसे में बुजुर्ग की मौत हो गई। 70 वर्षीय बुजुर्ग अकेला रहता था। हादसे के बारे में पता लगने पर कंपनी के लोग मौके पर पहुंचे। कंपनी के एक कर्मचारी ने मामले की शिकायत पुलिस को दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात वाहन ड्राइवर के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। साथ ही आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। सेक्टर 13-17 थाना पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज कर लिया है। सेक्टर 13-17 थाना पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज कर लिया है। सेक्टर 13-17 थाना पुलिस को दी शिकायत में नवीन ने बताया कि वह गांव नारायणा का रहने वाला है। वह एक सिक्योरिटी कंपनी में काम करता है। उनकी कंपनी में 3 माह पहले 70 वर्षीय काली प्रसाद मिश्रा आया। जिसने बताया था कि उसका कोई नहीं है। उसे नौकरी चाहिए, जिससे वह अपना गुजारा कर सके। कंपनी में उसे सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी दे दी थी। वह गांव बाबरपुर के पास एक किराए के मकान में रहने लगा था। उसने अपनी पत्नी और बच्चों के बारे में कभी किसी को कुछ नहीं बताया था। गत 4 फरवरी की सुबह 7 बजे वह अपनी नाइट ड्यूटी कर अपने कमरे पर चला गया था। बाद में कंपनी में पता लगा कि काली प्रसाद मिश्रा का जीटी रोड पर बाबरपुर के पास एक्सीडेंट हो गया है। सूचना मिलने पर कंपनी के लोग मौके पर पहुंचे। जहां पहुंच कर पता लगा कि किसी अज्ञात वाहन ने काली प्रसाद को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई।

# करनाल नगर निगम चुनाव दो को, अधिसूचना जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

- इंद्री और नीलोखेड़ी नगरपालिका के चुनाव के अलावा तरावड़ी नगर पालिका के वार्ड 5 का उपचुनाव भी इसी दिन होगा

उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि करनाल नगर निगम, इंद्री और नीलोखेड़ी नगरपालिका चुनाव के लिये मतदान दो मार्च हो होगा। इसी दिन असंध नगर पालिका चेयरमैन पद के लिये और तरावड़ी नगर पालिका के वार्ड 5 का उपचुनाव कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि संबंधित निकाय क्षेत्रों में आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू हो गई है। निकाय चुनाव के लिए संबंधित आरओ की तरफ से आज अधिसूचना जारी कर दी गई है। चुनाव लडऩे के इच्छुक 11 से 17 फरवरी तक राजपत्रित अवकाश को छोडक़र सभी कार्य दिवसों में नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे। इसके बाद 18 फरवरी को नामांकन पत्रों की जांच होगी। उम्मीदवार 19 फरवरी को सुबह 11 से दोपहर बाद 3 बजे तक नाम वापस ले सकते हैं। इसी दिन 3 बजे के बाद प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आबंटित किए जाएंगे। इसके बाद 19 फरवरी को ही चुनाव लडऩे वाले प्रत्याशियों, मतदान केन्द्रों की सूची निर्धारित स्थान पर चस्पा कर दी जाएगी। दो मार्च को सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। चुनाव प्रक्रिया संपन्न होने पर 12 मार्च को सुबह 8 बजे से मतगणना करवाई जाएगी और इसी दिन नतीजे घोषित किये जाएंगे।

### ये रहेगी शैक्षणिक योग्यता

मेयर पद के सामान्य वर्ग के पुरुष के लिए 10वीं, महिला, एससी महिला एवं अनुसूचित जाति के पुरुष के लिए आठवीं कक्षा पास होना जरूरी है। नगर निगम के पार्षद पद के लिए सामान्य वर्ग के पुरुष के लिए 10वीं, महिला, अनुसूचित जाति के लिए आठवीं और अनुसूचित जाति की महिला के लिए पांचवीं पास होना जरूरी है।

# विवाद में पति ने निगला जहर, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इसराना

### पत्नी ने पुलिस में दी थी मारपीट की शिकायत

थाना इसराना क्षेत्र में एक पारिवारिक विवाद में 36 वर्षीय व्यक्ति ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान सोमपाल के रूप में हुई है, जो मूल रूप से शामली जिले के डिंडू खेड़ा का निवासी था और वर्तमान में समालखा में रह रहा था।

मृतक के बड़े भाई प्रमोद कुमार के अनुसार सोमपाल की शादी 15 साल पहले बलाना गांव की सीमा से हुई थी। दंपती के तीन बच्चे हैं एक लडक़ी और दो लडक़े। करीब 6 महीने पहले परिवार समालखा में रहने के लिए आ गया था, जहां सोमपाल मजदूरी करता था। घटना से चार दिन पहले पति.पत्नी के बीच विवाद हुआ, जिसके बाद सीमा अपने मायके बलाना चली गई। सोमपाल भी उसके पीछे वहां पहुंच गया। दो दिन पहले एक विवाद में सोमपाल ने सीमा के सिर पर डंडे से हमला कर दिया था, जिसकी शिकायत सीमा ने थाना इसराना में दर्ज कराई थी। गत 4 फरवरी की रात को फिर विवाद हुआ और गुस्से में सोमपाल घर से बाहर निकल गया। बस अड्डे पर पहुंचकर उसने जहरीला पदार्थ निगल लिया।

हालत बिगडऩे पर उसे एनसी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गयाए जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए पानीपत सिविल अस्पताल भेज दिया है और मामले की जांच कर रही है।

## सरस्वती नदी के किनारे 50 से ज्यादा स्थलों पर घाटों का निर्माण जारी

# प्रदेश की 70 प्रतिशत साइट सरस्वती के किनारे: धुमन

- साइट को दर्शनीय स्थलों के रूप में किया जा रहा विकसित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच ने कहा कि करोड़ों वर्ष पुरानी ऐतिहासिक सरस्वती नदी के किनारे हरियाणा प्रदेश की 70 प्रतिशत पुरातात्विक साइट है। इन ऐतिहासिक और भव्य साइट को दर्शनीय स्थलों के रूप में विकसित किया जा रहा है। यह पवित्र नदी सही मायने में पर्यटन का केन्द्र मानी जाती है। अहम पहलू यह है कि इस साइट के किनारे अलग-अलग जगहों पर लोगों की सुविधा के लिए 50 से ज्यादा घाटों का निर्माण कार्य किया जा रहा है। उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच ने विशेष बातचीत करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में पिहोवा सरस्वती तीर्थ स्थल पर तथा आदि बद्री के साथ-साथ कैथल में 29 जनवरी से लेकर 4 फरवरी तक इन भव्य और सफल अंतर्राष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव का आयोजन किया गया है। महोत्सव में पहुंचने वाले हजारों नागरिकों को प्राचीन और ऐतिहासिक नदी के बारे में लोगों को जानकारी दी गई। इसके लिए बकायदा प्रदर्शनी लगाई गई। इस प्रदर्शनी में सरस्वती नदी के हर ऐतिहासिक पहलू को वैज्ञानिक तथ्यों के साथ दिखाने का अनोखा प्रयास किया गया। उन्होंने कहा कि सरस्वती नदी के किनारे आदि बद्री, भगवानपुर, थानेसर, जोगना खेड़ा, कलायत, कुनाल राखीगढ़ी, फरमाना, काली गंगा, पीली गंगा, मोहन जौदड़ो, धौला वीरा, लौथल सहित अन्य पुरातात्विक साइट अपने इतिहास को आज भी बयां कर रही है। अभी हाल में ही वैज्ञानिक दृष्टि से कुनाल को 10 हजार साल पुरानी संस्कृति सभ्यता का हिस्सा बताया गया है। उन्होंने कहा कि सरस्वती नदी के किनारे ही प्राचीन काल से पिंडदान के लिए भी जाना जाता है। इस नदी के किनारे ही कपालमोचन, सरस्वती धाम, सन्निहित सरोवर, पिहोवा के साथ-साथ पुष्कर, सिद्धपुर गुजरात और रण आफ कच्छ में पिंडदान करवाए जाते है।

सरस्वती नदी के किनारे 70 प्रतिशत ऐतिहासिक और प्राचीन मंदिर स्थित है। इन मंदिरों के आस-पास के क्षेत्र में विकास कार्य करवाने के लिए प्रदेश सरकार की तरफ से करीब 5 करोड़ रुपए का बजट खर्च किया जाएगा।



बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच।

### घाटों के निर्माण पर खर्च होंगे करीब 2 करोड़

धुमन सिंह किरमच ने कहा कि सरस्वती नदी के किनारे अलग-अलग जगहों पर 50 घाटों का निर्माण कार्य चल रहा है और कई घाट बनकर तैयार हो चुके है। इन घाटों पर करीब 2 करोड़ रुपए सरकार की तरफ से खर्च किए जाएंगे।

### हादसे में घायल युवक की अस्पताल में मौत

**यमुनानगर।** कपालमोचन बस अड्डे के पास अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से घायल हुए युवक की देर शाम अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई।

गांव आहड़वाला निवासी सुरेश कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका भतीजा 29 वर्षीय कमलदीप जगाधरी स्थित फैक्ट्री में नौकरी करता था। 27 जनवरी को वह फैक्ट्री से छुट्टी कर बाइक पर घर लौट रहा था।

जब वह कपालमोचन बस अड्डा के पास पहुंचा तो तेज गति से आ रही अज्ञात वाहन ने कमलदीप की बाइक को टक्कर मार दी। जिससे कमलदीप सड़क पर गिरकर घायल हो गया। सूचना मिलने पर वह मौके पर पहुंचे और अपने भतीजे को इलाज के लिए अस्पताल लेकर गए। जहां पर देर शाम कमलदीप की मौत हो गई।

# श्री श्री रविशंकर करनाल में 18 को अमृत वचन देंगे





**करनाल।** आर्ट ऑफ़ लिविंग करनाल की ओर से सेक्टर 32 में महासत्संग का आयोजन 18 फरवरी को किया जाएगा। इस भव्य और विशाल आयोजन में जिसमें गुरुदेव श्री श्री रविशंकर जी अपने अमृत वचनों से भक्तों को आध्यात्मिक प्रेरणा प्रदान करेंगे और सत्संग की दिव्य अनुभूति कराएंगे। कार्यक्रम का समय शाम 5:30 बजे से रात 8:30 बजे तक रखा गया है। आर्ट ऑफ लिविंग की आयोजन समिति ने श्री कृष्ण मंदिर सेक्टर 14 में प्रेसवार्ता कर यह जानकारी दी। राज्य समन्वयक शुचिका बत्रा और जिला समन्वयक विभोर गर्ग ने बताया कि महासत्संग में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। इस ऐतिहासिक आध्यात्मिक आयोजन में 30 हजार श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। 18 फरवरी को ही आर्ट ऑफ लिविंग की ओर से करनाल के सेक्टर 32 में बनाए जाने वाले भव्य ध्यान केंद्र का शिलान्यास श्री श्री रविशंकर जी करेंगे।

## रेलवे अंडर पास से आए दिन गुजर रहे हैं छोटे बड़े हजारों वाहन

# पश्चिमी यमुना नहर के नजदीक रेलवे अंडर पास पर आए दिन घंटों जाम लगने से लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

अंबाला-सहारनपुर रेलवे मार्ग पर शहर के पश्चिमी यमुना नहर के नजदीक बनाए गए रेलवे अंडर पास पर आए दिन जाम लगने से लोग परेशान हैं। कारण है कि रेलवे अंडर पास की चौड़ाई कम होने से उसमें अक्सर वहां से गुजरने वाले ट्रैक्टर-ट्राली व फोरव्हीलर आदि फंस जाते हैं और जाम लगने का कारण बन रहे हैं। वहीं, अंडर पास के नजदीक सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं होने से वाहन चालक एक दूसरे से आगे निकलने की होड़ में जाम का कारण बन रहे हैं। जिससे लोगों को घंटो जाम में फंसने पर मजबूर होना पड़ रहा है। क्षेत्र के लोगों ने जिला प्रशासन से रेलवे अंडर पास पर यातायात सुविधा को सुचारू रुप से जारी रखने के लिए सुरक्षा के इंतजाम किए जाने और वहां से बड़े वाहनों के गुजरने पर प्रतिबंध लगाए जाने की मांग की है।

- बड़े वाहन बन रहे हैं रेलवे अंडर पास पर जाम लगने का कारण

बुधवार को शहर के पश्चिमी यमुना नहर के नजदीक बनाए गए अंडर पास में ट्रैक्टर-ट्राली के फंसने से घंटो जाम लग गया। इस दौरान अंडर पास के दोनों तरफ कारों, मोटरसाइकिलों व आटो समेत अन्य वाहनों की लंबी लंबी कतारें लग गई। लोग घंटो जाम में फंसे रहे। मौके पर कोई पुलिस कर्मचारी नहीं होने से अंडर पास में वाहन आड़े तिरछे खड़े रहे और एक दूसरे को रास्ता देने तक तैयार नहीं हुए। वहीं, ट्रैक्टर-ट्राली के आगे भी कारें व अन्य वाहन खड़े हो गए और लोग जाम में फंस गए। बाद में कुछ लोगों ने स्वयं किसी तहर वाहन चालकों को समझाकर यातायात को सुचारू करवाया।



यमुनानगर। पश्चिमी यमुना नहर के नजदीक रेलवे अंडर पास में लगा हुए जाम में फंसे वाहन चालक। फोटो: हरिभूमि

### बड़े वाहनों के आवागमन पर लगे प्रतिबंध

अंडर पास से गुजर रहे वाहन चालक सोमबीर सिंह, प्रवीण कुमार, कुशल पाल सिंह, रणधीर सिंह व गुरदेव आदि ने बताया कि पश्चिमी यमुना नदी पर पहले रेलवे क्रासिंग थी। उस समय भी घंटो जाम लगता था। मगर रेलवे विभाग द्वारा दो वर्ष से रेलवे क्रासिंग को बंद करके अंडर पास बना दिया गया है। मगर अंडर पास की चौड़ाई कम है। जिसमें कार व मोटरसाइकिलें आदि को निकल सकती हैं। मगर ट्रैक्टर ट्राली व अन्य बड़े वाहन अंडर पास में से तंग हालत में गुजरते हैं। जो जाम लगने का कारण बन रहे हैं। उनका कहना था कि आजकल आवर्धन नहर की खुदाई चल रही है और शहर में प्रवेश करने के अन्य मार्ग बंद हैं। जिसकी वजह से ज्यादातर वाहन अंडरपास के रास्ते शहर में प्रवेश कर रहे हैं। उन्होंने जिला प्रशासन से अंडर पास के रास्ते गुजरने वाले बड़े वाहनों पर प्रतिबंध लगाए जाने और वहां पर सुरक्षा के इंतजाम किए जाने की मांग की।


यमुनानगर। गुरु गोबिंद सिंह फार्मेसी में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को सूर्य नमस्कार करवाते हुए योगाचार्य। फोटो: हरिभूमि

# नियमित सूर्य नमस्कार करने से शरीर रहता है स्वस्थः डॉ. भाटिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

- गुरु गोबिंद सिंह कॉलेज ऑफ फार्मेसी में सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन

जिला आयुर्वेदिक विभाग द्वारा गुरु गोबिंद सिंह कॉलेज ऑफ फार्मेसी में बुधवार को सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. प्रतिभा भाटिया व योग आचार्य शिव कुमार सैनी ने किया। मौके पर विद्यार्थियों को सूर्य नमस्कार करवाकर उसके महत्व की जानकारी दी।

जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. प्रतिभा भाटिया ने कहा कि सूर्य नमस्कार के नियमित अभ्यास करने से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य स्वस्थ रहता है।

उन्होंने कहा कि योग और आयुर्वेद के माध्यम से एक स्वास्थ्य और संतुलित जीवन जिया जा सकता है। वहीं, योग आचार्य शिव कुमार सैनी ने सूर्य नमस्कार का व्यावहारिक प्रदर्शन किया और इसके स्वास्थ्य लाभों जैसे लचीलापन बढ़ाने, पाचन सुधारने और ऊर्जा स्तर को बढ़ाने के बारे में बताया। इस अवसर पर संस्थान के प्राचार्य कुमार गौरव ने जिला आयुर्वेदिक कार्यालय के सहयोग की सराहना करते हुए विद्यार्थियों को योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम का समापन नियमित रूप से योग का अभ्यास करने की शपथ के साथ हुआ। जिससे यह संदेश मिलता है कि प्राचीन भारतीय परंपराएं आधुनिक जीवन में भी अत्यंत उपयोगी हैं।

# विद्यार्थियों को सैद्धांतिक शिक्षा के साथ व्यावहारिक ज्ञान होना भी जरुरीः शर्मा

- जेएमआईईटीआई शिक्षण संस्थान में चल रही कार्यशाला का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

जेएमआईईटीआई इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर में आईसीटी एकेडमी दिल्ली के सहयोग व हनीवेल के प्रायोजन से आयोजित की जा रही पंद्रह दिवसीय कार्यशाला का बुधवार को समापन हो गया। समापन अवसर पर आईसीटी एकेडमी दिल्ली से साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ इंजीनियर विवेक शर्मा ने मुख्य वक्ता के रुप में भाग लिया। जबकि विशिष्ठ अतिथि के रुप में संस्थान के निदेशक डॉ. एसके गर्ग मौजूद रहे।

आईसीटी एकेडमी दिल्ली के साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ इंजीनियर एवं मुख्य वक्ता विवेक शर्मा ने विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा सिद्धांतों, नेटवर्क सुरक्षा, एथिकल हैकिंग, डेटा संरक्षण और साइबर अपराधों की रोकथाम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को सैद्धांतिक शिक्षा के साथ साथ व्यावहारिक ज्ञान का होना भी बेहद जरुरी है। संस्थान के निदेशक डॉ. एसके गर्ग ने कार्यशाला की सफलता की सराहना की। उन्होंने विद्यार्थियों के तकनीकी कौशल एवं साइबर सुरक्षा में करियर संभावनाओं पर इसके सकारात्मक प्रभाव को उजागर किया। उन्होंने हनीवेल और आईसीटी एकेडमी दिल्ली का आभार व्यक्त किया और आयोजन टीम के प्रयासों की सराहना की। जिससे उनके लिए नई करियर संभावनाओं द्वार खुले और उनकी साइबर सुरक्षा विशेषज्ञता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। मौके पर प्रमुख संकाय सदस्य डॉ. गौरव शर्मा, डॉ. विकास जुनेजा, डॉ. नवदीप कुमार, डॉ. गगनप्रीत, इंजीनियर कपिल देव, इंजीनियर अलीशा गुप्ता और इंजीनियर निशी आदि मौजूद रहे।


यमुनानगर। जेएमआईईटीआई इंजीनियरिंग कॉलेज में आयोजित कार्यशाला के समापन पर विद्यार्थियों को जानकारी देते हुए मुख्य वक्ता। फोटो: हरिभूमि

## सूने मकान से चोरों ने चुराया लाखों का सामान

यमुनानगर। गांव तेजली में चोरों ने सूने मकान से लाखों रुपये का सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अशोका कॉलोनी लालद्वारा निवासी अमरजीत सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका गांव तेजली के पास मकान है। वह 30 जनवरी को मकान का ताला लगाकर अपने अशोका कॉलोनी वाले घर में आ गया था। शाम को जब वह तेजली वाले मकान में गया तो गेट का लगा ताला टूटा हुआ था और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर मकान से आठ टेब स्टील, एक स्लेश सेट स्टील, दो मिक्सर सेट स्टील, चार बैंटरे, दो इनवर्टर, एक माइक्रोवेव, 10 बंडल बिजली की तारें, 12 कंसीलड, सीसीटीवी की तारें, 50 लर शीशम लकड़ी, एक दीवार बैड, मोटर व स्टार्टर आदि सामान गायब मिला। उसने बताया कि चोरी हुए सामान की कीमत करीब दो लाख 94 हजार रुपये है। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# समाधान शिविर में आने वाली समस्याओं का त्वरित किया जा रहा है समाधानः नरेंद्र

- जिला सचिवालय में समस्या समाधान शिविर का आयोजन
- शिविर में डीडीपीओ नरेंद्र सिंह ने सुनी लोगों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा बुधवार को लघु सचिवालय में समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया गया। समस्या समाधान शिविर में डीडीपीओ नरेंद्र सिंह ने लोगों की समस्याएं सुनी और उनका मौके पर समाधान किया। उन्होंने अधिकारियों को समस्या समाधान शिविर में आने वाले प्रत्येक प्रार्थी की समस्या का त्वरित समाधान किए जाने के निर्देश दिए।

डीडीपीओ नरेंद्र सिंह ने कहा कि समाधान शिविर में अपनी समस्याओं को लेकर आने वाले प्रत्येक प्रार्थी की समस्याओं को मौके पर ही निपटान करने का भरसक प्रयास किया जा रहा है। यदि कोई समस्या का समाधान दस्तावेजों या अन्य जांच पर आधारित है तब भी उसका समयबद्ध होकर जल्द निपटान करवाना सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के उद्देश्य से यमुनानगर में जिलास्तर प्रत्येक कार्य दिवस पर सुबह 10 बजे से 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। डीडीपीओ नरेंद्र सिंह ने बताया कि पंचायतों से संबंधित शिकायतों के निपटान के लिए उप मंडल स्तर पर तथा नगर निगम से संबंधित शिकायतों के निपटान के लिए नगर निगम कार्यालय यमुनानगर जगाधरी में प्रत्येक कार्य दिवस पर समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा जिलों में लगाए जा रहे समाधान शिविरों की मॉनिटरिंग भी की जा रही है। ताकि समाधान शिविरों का लोगों को अधिक से अधिक लाभ मिल सके।


यमुनानगर। जिला सचिवालय में आयोजित समस्या समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते हुए डीडीपीओ नरेंद्र सिंह व डीएसपी राजीव मिगलानी।

### त्वरित समाधान पाकर उठाएं लाभ

डीडीपीओ नरेंद्र सिंह ने कहा कि समाधान शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी शिविर में आ रही लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर समाधान करवाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने जिलावासियों से अपील की है कि वह अपनी समस्याओं को समाधान शिविर में आकर रखें और त्वरित समाधान पाकर इसका लाभ उठाएं। शिविर में डीएसपी राजीव मिगलानी भी मौजूद रहे।

# विद्यार्थियों को मेडिकल डिवाइसेस क्षेत्र में दी नियामक मामलों की जानकारी

- ग्लोबल रिसर्च इंस्टीट्यूट आफ फार्मेसी में मेडिकल लाइसेस पर आयोजित व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

ग्लोबल रिसर्च इंस्टीट्यूट आफ फार्मेसी रादौर में मेडिकल डिवाइसेस इंडस्ट्री और नियमन में उभरते वैश्विक रुझान विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान में मुख्य वक्ता के रुप में रेगुलेटरी और क्वालिटी रिचर्ड वुल्फ इंडिया प्राइवेट लि. गुरुग्राम के प्रबंधक सचिन धीमान ने भाग लिया। जबकि विशिष्ठ अतिथि के रुप में संस्थान के चेयरमैन सीए एसके जिंदल मौजूद रहे। व्याख्यान का मुख्य उदेश्य विद्यार्थियों को मेडिकल डिवाइसेस क्षेत्र में नियामक मामलों, गुणवत्ता प्रबंधन, अनुपालन और फार्माको विजिलेंस से संबंधित जानकारियां प्रदान करना रहा।

मुख्य वक्ता सचिन धीमान ने मेडिकल डिवाइसेस के वैश्विक नियामक परिदृश्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने तकनीकी प्रगति और गुणवत्ता नियंत्रण उपायों की अनिवार्यता पर जानकारी दी। सचिन धीमान ने विद्यार्थियों को उत्पाद वर्गीकरण, क्लिनिकल ट्रायल, नियामक अनुमोदन, गुणवत्ता आश्वासन और पोस्ट मार्केट सर्विलांस जैसे प्रमुख चरणों को समझाते हुए रेगुलेटरी अफेयर्स प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने मेडिकल डिवाइसेस में फार्माकोविजिलेंस के महत्व पर भी जोर दिया और सतत निगरानी की आवश्यकता को रेखांकित किया। ताकि रोगियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। धीमान ने प्रमुख नियामक संस्थानों जैसे कि खाद्य एवं औषधि प्रशासन,यूरोपीय औषधि एजेंसी, केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन और विश्व स्वास्थ्य संगठन की भूमिकाओं पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने इटली, दुबई और जर्मनी में आयोजित नियामक सम्मेलनों में भारत का प्रतिनिधित्व करने के अपने अनुभव सांझा किए और मेडिकल डिवाइसेस उद्योग की वैश्विक चुनौतियों व अवसरों पर चर्चा की। संस्थान के प्राचार्य डॉ. अश्वनी कुमार ने कहा कि मेडिकल डिवाइसेस के नियम लगातार विकसित हो रहे हैं । विद्यार्थियों के लिए उद्योग के रुझानों से अपडेट रहना आवश्यक है। हमें खुशी है कि हमने सचिन धीमान जैसे विशेषज्ञ को आमंत्रित किया। जिनके ज्ञान से हमारे विद्यार्थी वैश्विक मेडिकल डिवाइसेस बाजार और नियामक ढांचे को बेहतर तरीके से समझ सकेंगे। उन्होंने बताया कि ग्लोबल रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ फॉर्मेसी ऐसे ज्ञानवर्धक सत्रों का आयोजन जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध है। जिससे उद्योग और शिक्षा के बीच सहयोग को बढ़ावा मिले और विद्यार्थी मेडिकल डिवाइसेस सेक्टर में विभिन्न भूमिकाओं के लिए खुद को तैयार कर सकें। संस्थान के चेयरमैन सीए एसके जिंदल ने व्याख्यान के आयोजकों की सराहना की और मुख्य वक्ता का धन्यावाद किया। उन्होंने विद्यार्थियों को इस प्रकार के कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।


यमुनानगर। ग्लोबल रिसर्च इंस्टीट्यूट रादौर में आयोजित व्याख्यान में विद्यार्थियों को मेडिकल डिवाइसेस की जानकारी देते हुए मुख्य वक्ता। फोटो: हरिभूमि

# कार्यस्थलों को स्वच्छ रखना है हमारी नैतिक जिम्मेदारीः गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

स्वच्छता अभियान के तहत उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने जिला सचिवालय में स्थित सभी कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को अलमारियों को समायोजित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही तारों को सेट करने, स्थापना शाखा, डीआरए शाखा, एचआरए शाखा, एफआरए शाखा, डीए शाखा, आरकेए शाखा आदि की अलमारियों की नंबरिंग, लेबलिंग समूचित समायोजित करने के निर्देश दिए।

- उपायुक्त ने जिला सचिवालय में स्थित कार्यालयों का किया औचक निरीक्षण

जिला उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने कहा कि कार्यस्थल को स्वच्छ रखना हमारी नैतिक जिम्मेवारी है। उन्होंने अनावश्यक तारों एवं सामान को हटवाने अथवा स्टीकर लगवाने, पीने के पानी की समूचित व्यवस्था, शौचालयों की स्वच्छता और साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। समय-समय पर पानी की टंकियों की सफाई करने अपने कार्यालय की साफ-सफाई करना सुनिश्चित करें। कार्य स्थल हमारा घर भी है इसे स्वच्छ रखना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने सचिवालय के अधिकारियों व कर्मचारियों से बातचीत की एवं उनके कामकाज का जायजा लिया। मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त आयुष सिन्हा, नगराधीश पीयुष गुप्ता, डीसी के पीए आनंद सब्बरवाल, जिला नाजिर संदीप सैनी आदि मौजूद रहे।


यमुनानगर। जिला सचिवालय में स्थित कार्यालयों का निरीक्षण करते नवनियुक्त जिला उपायुक्त पार्थ गुप्ता।

# साइबर ठगों से बचाव को लेकर हर पल रहना होगा सचेतः देशवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

साइबर अपराधी आए दिन लोगों के साथ ठगी करने के लिए नए नए तरीके अपना रहे हैं। जिनसे बचाव को लेकर लोगों को हर पल सचेत रहने की जरुरत है। पुलिस प्रशासन द्वारा लोगों को साइबर ठगों से बचाने के लिए पुलिस द्वारा अभियान चलाकर जागरुक किया जा रहा है। उक्त जानकारी पुलिस अधीक्षक राजीव देशवाल ने अपने कार्यालय में बातचीत करते हुए दी।

पुलिस अधीक्षक राजीव देशवाल ने बताया कि आमजन के जागरुक होने से ही साइबर अपराधियों के चंगुल में आने से बचा जा सकता है। जिला पुलिस द्वारा जागरुकता अभियान चलाकर आमजन को जागरुक करने का काम किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक राजीव देशवाल ने कहा कि साइबर अपराधों से बचने के लिए जागरुकता व सतर्कता ही सबसे बड़ा हथियार है।

### साइबर ठगों से बचने के लिए इन बातों का रखें ध्यान



पुलिस अधीक्षक राजीव देशवाल ने बताया कि साइबर ठगों से बचने के लिए फोन पर पैसे भेजने के मैसेज के बारे में पूरी जांच पड़ताल करें, यदि कोई अपरिचित व्यक्ति किसी एप्लीकेशन को डाउनलोड करने के लिए कहता है तो उसे डाउनलोड न करें, किसी भी व्यक्ति के साथ अपने बैंक डिटेल, एटीएम कार्ड नंबर, कार्ड की एक्सपायरी व कार्ड पर पीछे लिखे तीन डिजिट के सीवीवी नंबर को किसी के साथ शेयर न करें। वहीं, किसी अपरिचित नंबर से आए किसी भी मैसेज, व्हाट्सएप मैसेज, लिंक या फोटो पर क्लिक न करें। इसके अलावा नेटवर्क को 5 जी नेटवर्क में शिफ्ट करवाने के नाम पर धोखाधडी करने वाले से सुरक्षित रहें, साइबर ठग अधिकारियों और प्रभावशाली लोगों की फोटो को सोशल मीडिया में प्रयोग कर धोखाधडी कर रहे हैं उनसे सावधान रहें। व्हाटसएप पर किसी भी अज्ञात नम्बर से आई किसी भी प्रकार की विडियो या ऑडियो कॉल को रिसीव ना करें। टेलीग्राम ऐप के माध्यम से घर बैठे पैसे कमाने के लुभाहने ऑफर के लालच में ना आएं। वहीं, ई.चालान का मैसेज आए तो दिए गए लिंक को ना खोलें। इसके अलावा इनकम टैक्स रिफंड के लिए बैंक खाता वेरीफाई करने का मैसेज आए तो दिए गये लिंक को ना खोलें । वहीं, व्हाट्सएप पर अज्ञात नंबर से आई किसी भी ऑडियो विडियो कॉल को रिसीव ना करें।

## निगमायुक्त ने बैठक में अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

# ट्विन सिटी में नगर निगम लगाएगा बेंच व गमलेः सिन्हा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

ट्विन सिटी (यमुनानगर जगाधरी) में बने कचरा प्वाइंट खत्म करने के लिए नगर निगम अब इन स्थानों पर गमले व बेंच रखेंगा। साथ ही इन स्थानों पर यहां कचरा डालना मना है। वह स्वच्छता संबंधित जागरूकता बैनर लगाकर लोगों को कचरा डालने से रोकेगा। वहीं,स्वच्छ सर्वेक्षण के लिए सार्वजनिक स्थानों पर वाल पेंटिंग कर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया जाएगा। व्यावसायिक क्षेत्रों में सूखा व गीला कचरा डालने के लिए दो अलग अलग डस्टबिन अर्थात ट्विन दिन लगाए जाएंगे। यह निर्णय जिला नगर निगम आयुक्त आयुष सिन्हा ने बुधवार को निगम कार्यालय में आयोजित अधिकारियों की बैठक में दिए।

निगम आयुक्त आयुष सिन्हा ने बैठक में स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 को लेकर जारी हुई टूलकिट के हर प्वाइंट पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि इस बार स्वच्छ सर्वेक्षण का विषय रिड्यूस, रीयूज और रिसाइकल है। हमने भी इसी विषय पर अधिक कार्य करना है। स्वच्छ सर्वेक्षण में 12500 अंकों में से सबसे ज्यादा अंक लाने पर कार्य करना है। यह अंक शहर की सफाई, कचरे को अलग अलग करके एकत्रित करना, उसका सही तरीके से निपटान करना, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, स्वच्छता के प्रति जागरूकता, प्रयुक्त जल प्रबंधन, मल निकासी का मशीनीकरण, सिटीजन फीडबैक, सफाई कर्मियों की वर्दी, जूते व अन्य व्यवस्थाओं पर ध्यान, जल निकासी व अन्य मुद्दों पर दिए जाएंगे।

सभी सफाई अधिकारी टूलकिट में दिए हर प्वाइंट पर काम करें। सभी सफाई अधिकारी अब पूरी तरह सतर्क रहें। अपने अपने क्षेत्रों की सभी कॉलोनियों का दौरा करें। जहां गंदगी है उसे साफ कराएं। अभियंता शाखा जहां भी सीएंडडी वेस्ट पड़ा है। उसका तुरंत उठान कराना सुनिश्चित करें। शहर में किसी भी स्थान पर कचरा जमा न होने दें। साथ ही यहां कचरा फेंकना मना है के बैनर लगाएं। मुख्य मार्गों, शहर में सीमाओं, सार्वजनिक स्थानों, चौक, पार्कों की दीवारों पर स्वच्छ सर्वेक्षण में नगर निगम का सहयोग देने संबंधित स्लोगन व वाल पेंटिंग कराएं। निगमायुक्त आयुष सिन्हा ने शहरवासियों से अपील की कि खुले में कचरा न फेंके। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के तहत यमुनानगर जगाधरी नगर निगम को सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग दिलवाने में मदद करें। मौके पर अतिरिक्त निगम आयुक्त डॉ. विजय पाल यादव, एक्सईएन विकास धीमान, एमई दीपक सुखीजा, सीएसआई हरजीत सिंह, सफाई निरीक्षक अमित कंबोज, गोविंद शर्मा व आईईसी एक्सपर्ट शशि आदि मौजूद रहे।


यमुनानगर। निगम कार्यालय में आयोजित अधिकारियों की बैठक में दिशा निर्देश देते हुए निगमायुक्त आयुष सिन्हा। फोटो: हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### बोन मिनरल डेंसिटी जांच कैंप 7 को

**थानेसर।** श्रीकृष्णा आयुष विश्वविद्यालय के आयुर्वेद अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान में शुक्रवार 7 फरवरी को बोन मिनरल डेंसिटी जांच कैंप का आयोजन किया जाएगा। यह कैंप अस्पताल के कमरा नंबर 14 में सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक चलेगा। चिकित्सालय अधीक्षक डॉ राजेंद्र सिंह ने बताया कि बोन मिनरल डेंसिटी कैंप प्रति माह के प्रथम शुक्रवार को आयोजित किया जाता है , जिसका उद्देश्य नागरिकों को उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाना है।

### शहीद भगत सिंह किसान यूनियन का स्थापना दिवस मनाया

**कुरुक्षेत्र।** शहीद भगत सिंह किसान यूनियन का स्थापना दिवस बुधवार को मनाया गया। आज शहीद भगत सिंह किसान यूनियन को पूरे 3 वर्ष हो गए है। यूनियन 5 फरवरी 2022 गई थी। इन तीन वर्षों में राष्ट्रीय अध्यक्ष अमरजीत मोहडी की अध्यक्षता में व सभी प्रदेश के किसानों के सहयोग से पंचकूला में प्रदर्शन करके जुमला माफिक का हक किसानों को दिलवाया और एक साल से एमएसपी, कर्ज माफी, स्वामीनाथन रिपोर्ट के लिए शंम्भू बॉर्डर, खनौरी बार्डर पर आंदोलन चलाया। इस अवसर पर जिला प्रधान संजू नम्बरदार, महासचिव संजीव आलमपुर, दिलबाग महासचिव, विपिन, जयभगवान, मनोज बतान, धर्मपरा हमीरा, राजेश बुरा शीशन आदि रहे।

### चुनाव में 1,154 कर्मचारी करेंगे मतदान

# कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय गैर शिक्षक कर्मचारी संघ के चुनाव 14 को

**चुनावी मैदान में कूदे तीनों ग्रुपों ने अपने पैनलों के नाम की सूची मंगलवार को सौंपी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय गैर शिक्षक कर्मचारी संघ के चुनाव 14 फरवरी को होने निश्चित हुए हैं। चुनावों को लेकर गैर शिक्षक कर्मचारियों में हलचल शुरू हो गई है। निर्वाचन अधिकारी प्रो. विवेक चावला ने बताया कि इस बार चुनाव के कुल 1154 वोटें बनी हैं। चुनावी मैदान में कूदे तीनों ग्रुपों ने अपने पैनलों के नाम की सूची मंगलवार को सौंप दी थी। बुधवार को नामांकन वापस लेने के दिन किसी भी सदस्य ने अपना नाम वापस नही लिया है। इस प्रकार अब प्रधान पद के लिए नीलकंठ शर्मा, रामकुमार गुर्जर तथा निवर्तमान प्रधान रजवंत कौर मैदान में हैं। नीलकंठ ग्रुप से वरिष्ठ उपप्रधान पद पर सुरेन्द्र सिंह, उपप्रधान पद पर मुकेश कुमार, महासचिव रविन्द्र तोमर, सह सचिव पद पर मनीष बालडा, प्रैस सचिव पद पर जगदीश सिंह तथा खजांची के पद पर जसवंत सिंह चुनावी मैदान में है। रामकुमार गुर्जर ग्रुप की ओर से वरिष्ठ उपप्रधान पद पर जसबीर सिंह-2, उपप्रधान पद पर रामनाथ, महासचिव पद पर प्रमोद कुमार, सह सचिव के लिए रामकुमार सैनी, प्रैस सचिव के सुनील कुमार-2 तथा खंजाची के लिए बृज भूषण ने नामांकन पत्र भरा है। रजवंत ग्रुप की ओर से वरिष्ठ उपप्रधान पद पर चन्द्रपाल, उपप्रधान के लिए राकेश कुमार, महासचिव के लिए भारत भूषण, सह सचिव कुलदीप बत्रा, प्रैस सचिव राजेश शर्मा तथा खंजाची के लिए विकास कुमार कतिवाल मैदान में है।


**कुरुक्षेत्र।** प्रताप राम को एक नंबर चुनाव क्षेत्र से निर्विरोध चने जाने पर सम्मानित करते स्थापना शाखा के कर्मचारी।

### 7 क्षेत्रों में निर्विरोध गए चुने उम्मीदवार

चुनाव के लिए जो विभिन्न प्रतिनिधि चुने जाने हैं उसके लिए 16 क्षेत्र बनाए गए हैं जिनमें से 7 क्षेत्रों में निर्विरोध उम्मीदवार चुना जाना तय है क्योंकि निर्वाचन क्षेत्र ए-वन से अकेले प्रताप राम ने स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में अपना नामांकन दिया है। निर्वाचन क्षेत्र वी-2 से पवन, निर्वाचन क्षेत्र सी-3 से संतोष, निर्वाचन क्षेत्र एल-12 से कर्मवीर शर्मा, निर्वाचन क्षेत्र एम-13 से गुरचरण, निर्वाचन क्षेत्र एन-14 से कृष्ण कुमार तथा निर्वाचन क्षेत्र ओ-15 से सत्यवान ने आजाद उम्मीदवार के रूप में अपना नामांकन दिया है।

### 9 क्षेत्रों में उम्मीदवारों के बीच होगा मुकाबला

इनके अलावा 9 क्षेत्रों में निर्वाचन क्षेत्र बी-4 से नीलकंठ ग्रुप से सुरज जिंदल, निर्वाचन क्षेत्र एफ-6 से कर्मजीत सिंह, निर्वाचन क्षेत्र जी-7 से जितेन्द्र कुमार सैनी, निर्वाचन क्षेत्र एच-8 से धर्मबीर तथा निर्वाचन क्षेत्र के-11 से सेवा सिंह ने अपना नामांकन पत्र दिया है। दूसरी ओर राम कुमार गुर्जर ग्रुप से निर्वाचन क्षेत्र ई-5 से विकास हांसी, एफ-6 से हितेश चौहान, जी-7 से कुलवंत, एच-8 से रामबजीर तथा पी-16 से रामपूजन ने नामांकन पत्र भरा है। इसी प्रकार रजवंत कौर ग्रुप से डी-4 से संदीप, ई-5 से दिनेश कुमार, एफ-6 खजान सिंह, जी-7 से जितेन्द्र सिंह, एच-8 से शीशपाल, आई-9 से शुभनारायण, जे-10 से उमेद शर्मा तथा के-11 से तन्वी, पी-16 से सरोज बाला चुनावी मैदान में है।

# गीला और सूखा कचरा एकत्रित करके टिपर चालक को ही करें सुपुर्द : सेतिया

- डीएमसी पंकज सेतिया ने अग्रसेन स्कूल के 2700 से ज्यादा विद्यार्थियों को वितरित किए क्यूआर कोड के स्टीकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र


**कुरुक्षेत्र।** क्यूआर कोड के स्टीकर वितरित करते डीएमसी पंकज सेतिया।

जिला नगर आयुक्त पंकज सेतिया ने कहा कि घर के गीले व सूखे कचरे को एकत्रित करके टिपर चालक को ही सुपुर्द करना होगा। यह चालक डंपिंग स्थल पर गीले और सूखे कचरे का अलग-अलग प्रबंधन करने में सहजता से सहयोग दे सकेंगे। इस शहर को स्वच्छ बनाने में युवा वर्ग का अहम योगदान रहने वाला है। डीएमसी पंकज सेतिया बुधवार को अग्रसेन पब्लिक स्कूल सेक्टर 13 में नगर परिषद के सहयोग से भारत स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत जागरूकता कार्यक्रम में बोल रहे थे। इससे पहले डीएमसी पंकज सेतिया, प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, प्रिंसिपल रीटा गोयल ने विधिवत रूप से जागंरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान डीएमसी पंकज सेतिया और नगर परिषद के अधिकारियों ने स्कूल के 2700 से ज्यादा विद्यार्थियों को गीले व सूखे कचरे के पोस्टर सहित क्यूआर कोड के पंपलेट वितरित किए। इसके उपरांत विद्यार्थियों को पॉलिथीन और प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए शपथ भी दिलाई गई। डीएमसी पंकज सेतिया ने कहा कि भारत स्वच्छ सर्वेक्षण 2.0 के तहत थानेसर शहर को स्वच्छ बनाने के प्रयास किए जा रहे है। इन प्रयासों में विद्यार्थियों का अहम योगदान रहेगा। इसलिए स्वच्छता के संदेश को घर-घर तक पहुंचाने तथा स्वच्छता अभियान को जन आंदोलन युवा पीढ़ी के माध्यम से ही बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि शहर को स्वच्छ बनाने के लिए लोगों को अपनी मानसिकता में बदलाव लाना होगा। इसके साथ ही शहर को प्लास्टिक और पॉलिथीन मुक्त बनाने के लिए प्रत्येक नागरिक को जागरूक होना होगा।

### राजकीय बहुतकनीकी संस्थान उमरी के छात्र ने तकनीकी शिक्षा बोर्ड, पंचकुला में पाया द्वितीय स्थान, किया पुरस्कृत



**कुरुक्षेत्र।** राजकीय बहुतकनीकी संस्थान उमरी, कुरुक्षेत्र में इंस्ट्रूमेंटेशन एंड कंट्रोल इंजीनियरिंग के छात्र मनवीर सिंह ने तकनीकी शिक्षा बोर्ड, पंचकुला में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। इस उपलक्ष में संस्थान के प्रधानाचार्य जोगिन्द्र सिंह ने छात्र मनवीर सिंह को मिठाई खिलाकर बधाई दी एवं पुरस्कृत किया और संस्थान के सभी अध्यपकों तथा कर्मचारियों ने भी मनवीर सिंह के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। कवंल सचदेवा ने बताया कि जो छात्र-छात्राएं प्रदेश में मेरिट में स्थान प्राप्त करते है उनको राज्य सरकार द्वारा भी पुरस्कृत किया जाता है और प्रोत्साहन राशि भी दी जाती है।

# विज्ञान तकनीक के क्षेत्र में भारत का भविष्य उज्ज्वल : प्रोफेसर सोमनाथ

- विज्ञान और प्रौद्योगिकी की अद्भुत दुनिया विषय पर विज्ञान कॉन्क्लेव का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

विज्ञान तकनीक के क्षेत्र में भारत का भविष्य उज्ज्वल है। इसका प्रमाण है कि भारत अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में शीर्ष देशों में शामिल हैं। वहीं चंद्रयान थ्री सेटेलाइट को साउथ पोल पर लैंड करने वाला भारत विश्व का पहला देश बना। यह विचार कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने बुधवार को श्रीमद्भगवद् गीता सदन में केयू तथा हरियाणा राज्य विज्ञान, नवाचार और प्रौद्योगिकी परिषद के सहयोग से विज्ञान और प्रौद्योगिकी की अद्भुत दुनिया विषय पर आयोजित दो दिवसीय विज्ञान कॉन्क्लेव के समापन सत्र में बतौर मुख्यातिथि व्यक्त किए। प्रोफेसर सोमनाथ ने कहा कि युवाओं को संवेदनशीलता से सृजनशीलता की ओर जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों का आत्मविश्वास एवं दृढ़ संकल्प यह साबित करता है कि भारत का भविष्य उज्ज्वल है। इस अवसर पर कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा व अन्य अतिथियों ने विजेता स्कूलों के प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया।




### कुरुक्षेत्र जंक्शन को अमृत स्टेशन प्रोजेक्ट में शामिल करवाने के लिए सांसद नवीन जिंदल का जताया आभार

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र जंक्शन को अमृत स्टेशन प्रोजेक्ट में शामिल करवाने के लिए सांसद नवीन जिन्दल के समर्थकों ने रेलवे स्टेशन पर मिठाई बांटकर खुशी मनाई और सांसद नवीन जिन्दल का आभार व्यक्त किया। उल्लेखनीय है कि सांसद नवीन जिन्दल के प्रयासों से रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कुरुक्षेत्र जंक्शन को अमृत स्टेशन प्रोजेक्ट में सम्मिलित किया है, जिससे स्टेशन पर यात्रियों को बेहतर सुविधाएं प्राप्त होंगी। कुरुक्षेत्र जंक्शन को मिली इस उपलब्धि के लिए सांसद नवीन जिन्दल के समर्थकों और स्थानीय नागरिकों ने इस निर्णय का स्वागत किया। इस अवसर पर समाजसेवी विनोद गर्ग ने सांसद नवीन जिन्दल के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि सांसद नवीन जिन्दल के प्रयासों से कुरुक्षेत्र जंक्शन को यह सौगात मिली है। उन्होंने धर्मक्षेत्र-कुरुक्षेत्र में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने और यात्रियों को सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए रेलमंत्री श्री अश्विनी वैष्णव से निवेदन किया था। यह कुरुक्षेत्र के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।



# 2,551 विद्यार्थियों ने दी सुपर 100 लेवल-1 की परीक्षा

- 22 जिलों में 151 परीक्षा केंद्रों पर हुई परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र जिले में हरियाणा सुपर 100 लेवल की परीक्षा का आयोजन किया गया जिसमें 3298 में से 2551 विद्यार्थियों ने उपस्थिति दर्ज की। जिला विज्ञान विशेषज्ञ एवं कार्यक्रम नोडल अधिकारी डॉ तरसेम कौशिक ने बताया कि सुपर 100 की परीक्षा के लिए जिला कुरुक्षेत्र में छह परीक्षा केंद्र बनाए गए जिसमें राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुरुक्षेत्र, राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बाबैन, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लाडवा, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शाहाबाद, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पीपली तथा राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पिहोवा शामिल हैं। हरियाणा सुपर 100 परीक्षा 22 जिलों में 151 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की गई । जिला शिक्षा अधिकारी संतोष शर्मा ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शाहाबाद मारकंडा परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया और विद्यालय प्राचार्य व केंद्र अधीक्षक को जरूरी दिशा निर्देश दिए। परीक्षा प्रातः 11:30 बजे से 1:30 बजे के बीच में संपन्न हुई और सभी परीक्षार्थी परीक्षा शुरू होने से कम से कम 1 घंटा पहले उपस्थित हुए।


**कुरुक्षेत्र।** परीक्षा देते विद्यार्थी।

### प्रभातफेरी में भजनों पर झूमे शिव भक्त

**शाहबाद।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर निकाली जा रही प्रभातफेरियों की श्रृंखला में बुधवार की प्रभातफेरी का आयोजन पवन बंसल और नितिन बंसल परिवार की ओर से अपने निवास स्थान दीपक विहार में करवाया गया। भजन मंडली में शामिल भजन उस्ताद गंगा रमन, भजनीक प्रदीप करावा, मोहित शर्मा, रवि राज, वेद छाबड़ा ने एक के बाद अनेक भजन प्रस्तुत कर शिव महिमा का गुणगान किया और शिव भजनों की मस्ती में मस्त होकर श्रद्धालुओं ने जमकर नृत्य किया। श्रीशिव मंदिर सभा की ओर से विधायक रामकरण काला, नपा प्रधान डॉ गुलशन क्वातरा, श्रीशिव मंदिर सभा के प्रधान एडवोकेट जगमोहन मनचंदा, यशपाल वधवा, मन्नु वधवा और संजीव अग्रवाल ने श्रीशिव मंदिर सभा की ओर से प्रभात फेरी के आयोजक परिवार पवन बंसल और नितिन बंसल परिवार को स्मृति चिन्ह भेंट किया।



### अनाज मंडी एसो. पिहोवा के प्रधान बने नवीन गर्ग

**पिहोवा।** अनाज मंडी एसोसिएशन प्रधान पद के लिए को हुए चुनावी मुकाबले में नवीन गर्ग ने जीत हासिल की। चुनाव कमेटी की ओर से अध्यक्ष सुभाष चंद्र और युधिष्ठिर बहल ने बताया कि कुल 363 वोट में से 345 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। प्रधान पद के लिए नवीन गर्ग और विनोद बंसल के बीच मुकाबला हुआ। जिसमें नवीन गर्ग को 205 और विनोद बंसल को 140 वोट मिले। नवीन गर्ग ने 65 वोट से जीत हासिल की। सचिव पद के लिए अमित सिंगला और उप प्रधान चंद्रगुप्त मंगला को सर्वसम्मति से चुना गया। राष्ट्रीय उद्योग पर संगठन के महामंत्री विकास गर्ग ने बताया कि मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। गिनती के बाद नवनिर्वाचित प्रधान को प्रमाण पत्र सौंपा गया। चुने गये सभी सदस्यों ने आढ़ती मतदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि किसान और व्यापारी दोनों एक दूसरे के पूरक हैं। वे सदैव दोनों के हित की लड़ाई लड़ेंगे। बता दें कि नवीन गर्ग पहली बार मंडी के प्रधान बने हैं। इससे पहले उन्होंने एक बार चुनाव लड़ा था। लेकिन मौका नहीं मिल पाया था।

# आंगनवाड़ी वर्कर्स का मांगों को लेकर प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र



आंगनवाड़ी वर्कर्स और हेल्पर्स ने न्यूनतम वेतन 26000 रुपए और पक्का कर्मचारी बनाने की मांग को लेकर सी.डी.पी. कार्यालय बाबैन पर जोरदार प्रदर्शन किया। 13 फरवरी को तालकटोरा स्टेडियम में होने वाली राष्ट्रीय रैली में भाग लेंगी वर्कर्स और हेल्पर्स। वर्कर्स को तीसरे ओर हेल्पर्स को चौथे दर्जे का कर्मचारी बनाने, ग्रेच्यूटी लाभ देने के कोर्ट के निर्णयों और केंद्रीय बजट में आईसीडीएस के बजट आवंटन और मानदेय बढ़ाने की मांग प्रमुख होंगी। सीटू से जुड़ी आंगनवाड़ी वर्कर्स एंड हेल्पर्स यूनियन हरियाणा (1442) एवं आईफा के आह्वान पर आज राज्य भर से प्रदर्शन किए गए। केंद्रीय वित मंत्री और हरियाणा के मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजे गए। प्रदर्शन की अध्यक्षता ब्लॉक नेता गीता ने की। सीटू जिला सचिव ने कहा कि प्रदेश की आंगनवाड़ी वर्कर्स और हेल्पर्स में भारी रोष व्याप्त है। इस केंद्रीय बजट में महंगाई के अनुरूप वास्तविक बजट में भारी कटौती की गई है। यूनियन नेताओं ममता , हेमा, परमजीत, कमलेश, सुनीता, शकुंतला, प्रेम , रोमिला, अनारकली, संतोष, परमजीत आदि ने कहा कि राज्य में 25000 आंगनवाड़ी केंद्र हैं जिनमे करीब 47000 वर्कर्स और हेल्पर्स काम कर रही हैं। 6000 से ज्यादा पद खाली पड़े हैं जिन्हे नहीं भरा जा रहा है। यूनियन सरकार से मांग करती है कि वर्कर्स और हेल्पर्स को पक्का कर्मचारी बनाया जाए, न्यूनतम वेतन 26000 रुपए लागू किया जाए आदि मांगे शामिल है।



### क्रिकेट में ओपनर्स के रोल और उनकी उपयोगिता पर आधारित पुस्तक ओपनर्स का विमोचन

**कुरुक्षेत्र।** वरिष्ठ खेल पत्रकार शिवेंद्र कुमार सिंह की नई पुस्तक ओपनर्स का विमोचन आज विद्या भारती संस्कृति शिक्षा संस्थान में हुआ। संस्थान के निदेशक डॉ. रामेंद्र सिंह, सदस्य कृष्ण कुमार भंडारी और वरिष्ठ टीवी पत्रकार सत्येंद्र राय ने ओपनर्स का विमोचन किया। यह पुस्तक क्रिकेट के खेल में ओपनर्स के रोल और उनकी उपयोगिता पर है। तमाम ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर यह किताब बेस्टसेलर चल रही है। लेखक शिवेंद्र कुमार सिंह पिछले दो दशक से भी ज्यादा समय से खेल कवर कर रहे हैं। कई क्रिकेट वर्ल्ड कप से लेकर ओलंपिक तक की कवरेज उन्होंने की है। इस अनुभव को उन्होंने इस पुस्तक में शामिल किया है। इस पुस्तक को पेंगुइन ने प्रकाशित किया है। इस पुस्तक के बारे में लेखक शिवेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि पुस्तक के पहले चेप्टर में 1975 के पहले के दिग्गज सलामी बल्लेबाजों की कहानी है। 1975 इसलिए क्योंकि इसी साल वनडे डे वर्ल्ड कप की शुरूआत हुई थी। इसके बाद दशक के हिसाब से चेप्टर्स लिखे गए हैं। हर दशक की शुरूआत में उस दशक के बड़े सलामी बल्लेबाजों का ओपनिंग को लेकर दिया गया बयान है।



### गांधी शिल्प मेला बना आकर्षण का केंद्र

**थानेसर।** हरियाणा कला परिषद के कला कीर्ति भवन में चल रहे गांधी शिल्प बाजार की रौनक देखते ही बन रही है। हस्तशिल्प विकास आयुक्त वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार तथा ग्रीनवैल चिल्ड्रन सोसायटी, नागौर राजस्थान के सहयोग से आयोजित गांधी शिल्प बाजार में एक ओर जहां विभिन्न प्रांतों के शिल्पकारों के हस्तशिल्प लोगों को अपनी ओर खींच रहे हैं, वहीं गीत-संगीत का माहौल भी लोगों के आकर्षण का केंद्र बन रहा है। 31 जनवरी से शुरू हुए गांधी शिल्प बाजार में निरंतर आने वाले स्थानीय लोगों में उत्साह देखने को मिल रहा है। फिरोजाबाद की ग्लास प्रदर्शनी और बनारस की साड़ीया महिलाओं को खूब आकर्षित कर रही हैं। जम्मू कश्मीर के ऊनी वस्त्र, राजस्थान के दस्तकारी, कलकत्ता की कपड़े, सहारनपुर का फर्नीचर लोगों के लिए लुभावना साबित हो रहा है। इतना ही नहीं पर्यटक जहां खरीदारी करके मेले को सफल बना रहे हैं, वहीं हरियाणा कला परिषद का खुला मंच, जहां स्थानीय लोग अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। संगीत विकास कला मंच के कलाकार विकास रल्हन के निर्देशन में अपनी गायकी और मधुर कण्ठ के माध्यम से बेहतरीन गीतों की प्रस्तुति देते हुए मेले में आने वाले पर्यटकों का मनोरंजन कर रहे हैं। हरियाणा कला परिषद के निदेशक नागेंद्र शर्मा ने बताया कि 10 दिवसीय गांधी शिल्प बाजार का 9 फरवरी को समापन होगा।

**कार्यक्रम** | महंत भीम पुरी के आशीर्वाद से 7 से 11 फरवरी तक महायज्ञ का आयोजन

# श्रद्धा एवं उल्लास से मनाया जाएगा 28वां पंच दिवसीय मां बगलामुखी प्रकटोत्सव: विकल चौबे

**कार्यक्रम में रोजाना विशेष भंडारे का होगा आयोजन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिहोवा

पीतांबरा पीठ मां बगलामुखी मन्दिर धनीरामपुरा में 28वां पंच दिवसीय मां बगलामुखी प्रकटोत्सव महायज्ञ बड़े ही श्रद्धा एवं हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। जानकारी देते हुए मंदिर के सेवक एवं गांव धनीरामपुरा के सरपंच विकल कुमार चौबे ने बताया कि महंत रविंद्र पुरी,धाम के संस्थापक एवं अध्यक्ष महंत बंसी पुरी महाराज, महंत विश्वनाथ गिरी अरुणाय, एवं व्यवस्थापक व मंदिर के महंत भीम पुरी महाराज के आशीर्वाद से 7 फरवरी शुक्रवार से 11 फरवरी मंगलवार तक पांच दिवसीय मां बगलामुखी प्रकोत्सव महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा।


**पिहोवा।** जानकारी देते महंत भीम पुरी एवं सरपंच विकल कुमार चौबे।

जिसमें दूर दराज से श्रद्धालु एवं यजमान महायज्ञ में आहुति डालेंगे। उन्होंने बताया कि 7 फरवरी को सर्वप्रथम ध्वजारोहण दुर्गा पूजन मां बगलामुखी पूजन एवं अभिषेक के पश्चात कलश यात्रा व मंडप प्रवेश होगा। इस भव्य कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर मंदिर परिसर में महायज्ञ मंडप को सुंदर ढंग से सजाया जा रहा है इसके साथ श्रद्धालुओं की सुख सुविधाओं के लिए व्यापक प्रबंध किए गए हैं। सरपंच विकल चौबे ने बताया कि महायज्ञ में यज्ञाचार्य पंडित अभिषेक कुश सहित अनेक ब्राह्मणों द्वारा वैदिक मंत्रोंचारण कर श्रद्धालुओं द्वारा आहुति डलवाई जाएगी। कार्यक्रम में हरियाणा, पंजाब, उत्तराखंड, हिमाचल, दिल्ली, उत्तर प्रदेश सहित अनेक राज्यों के लोग महायज्ञ में शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि महायज्ञ में मुख्यातिथि के रूप में प्रदेश के कृषि एवं पशुपालन मंत्री श्याम सिंह राणा, कुरुक्षेत्र सांसद नवीन जिंदल, पिहोवा के विधायक मनदीप सिंह चट्ठा, हिसार के सांसद जयप्रकाश, पंजाब के पूर्व विधायक मदनलाल जलालपुर, भाजपा नेता जय भगवान शर्मा डीडी सहित अनेकों गणमान्य लोग शामिल होंगे। कार्यक्रम में रोजाना विशेष भंडारे का आयोजन होगा। इसके अतिरिक्त महायज्ञ में अखाड़े के संत महात्मा शामिल होंगे। महंत भीम पुरी ने बताया कि मां बगलामुखी की पूजन एवं हवन से जहां मानव को सुख शांति की प्राप्ति होती है वही मां बगलामुखी सभी दुखों को दूर कर उनके दुश्मनों का भी विनाश करती है। सभी देवियों में मां बगलामुखी की पूजा सर्वश्रेष्ठ है। सरपंच विकल चौबे ने बताया कि महंत भीम पुरी के आशीर्वाद से गांव धनीरामपुरा में स्थित सिद्ध पीठ मां बगलामुखी मन्दिर के कारण गांव धनीरामपुरा की आस पास के पूरे क्षेत्र में की एक अलग की पहचान बनी हुई है। इस पीठ में आसपास के सभी राज्यों के विधायक, मंत्रीगण, उच्चाधिकारी सहित समाजसेवी संस्थाओं के सदस्य एवं राजनीतिक लोग मां बगलामुखी प्रकटोत्सव शीश नवाने व महायज्ञ में आहुति डालने के लिए विशेष रूप से शिरकत करेंगे। उन्होंने नगर वासियों से आह्वान किया कि वह मां बगलामुखी महायज्ञ में शामिल होकर अपने जीवन को सफल बनाने के लिए महायज्ञ में आहुति डालें। इस अवसर पर स्वामी अमरपुरी, स्वामी भोलापुरी, स्वामी परमानंद पुरी, स्वामी शिवदयाल पुरी, स्वामी धर्मराज पुरी, गंगा प्रसाद तिवारी, अखिलेश तिवारी, पं गीता राम, पं राम शंकर, दीपक अत्री, आकाश द्विवेदी, पं नितेश, रमाकांत तिवारी, अनेक श्रद्धालु उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना साहा में दर्ज चोरी के मामले में सीआईए-शहजादपुर ने आरोपी इरशाद को गिरफ्तार किया है। इस मामले में अब तक तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। नगला जट्टान के जगजीत सिंह ने 17 अक्तूबर 2021 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी ने उसकी भैंस चोरी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

### चोरी के मामले में दो युवक गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना महेशनगर में दर्ज चोरी के मामले में सीआईए-शहजादपुर ने आरोपी गुरमीत सिंह व सुखदेव सिंह को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को दो दिन के रिमांड पर लिया गया है। टुंडला मंडी के रहने वाले संजू ने 3 जनवरी 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी ने प्रीत नगर परशुराम मंदिर के पास से उसकी मोटरसाइकिल चोरी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

### चार आरोपियों को किया जांच में शामिल

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी में दर्ज लड़ाई झगड़े के मामले में पुलिस ने आरोपी दीपेश कुमार उर्फ मन्नी, सुमित व रिंकू उर्फ गट्टू तथा एक आरोपी महिला को शामिल जांच किया है। डिफेंस कॉलोनी के प्रिंस ने 21 जनवरी 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 19 जनवरी 2025 को रेलवे रोड पर आरोपियों ने उससे लड़ाई झगड़ा कर मारपीट करते हुए चोटें पहुंचाई हैं। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### तस्करी के मामले में दूसरा आरोपी दबोचा

**अंबाला।** थाना शहजादपुर में दर्ज नशीले कैप्सूल की तस्करी के मामले में सीआईए-2 ने आरोपी लखन सिंह उर्फ लक्खा को गिरफ्तार किया है। जांच के दौरान पता चला कि आरोपी लखन सिंह भी इस मामले में शामिल है। सीआईए-2 को सूचना मिली थी आरोपी नशीले कैप्सूल की तस्करी का कार्य करता है। पुलिस ने आरोपी को कक्कड़ माजरा के पास से मोटरसाइकिल समेत काबू किया था। तलाशी लेने पर उससे 696 नशीले कैप्सूल बरामद किए थे। आरोपी की पहचान रछपाल सिंह के रूप में हुई थी। अब इस मामले में दूसरे आरोपी को काबू किया गया है।

### आरोपी को किया जांच में शामिल

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी में दर्ज लड़ाई-झगड़े के मामले में पुलिस ने आरोपी विकास को शामिल जांच किया है। इस मामले में संलिप्त अब तक पांच आरोपियों को काबू किया जा चुका है। शिकायतकर्ता दीपक ने 25 नवंबर 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी कृष उर्फ काली, तहजीत उर्फ तुषार व अन्य ने उससे लड़ाई झगड़ा कर मारपीट की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### 60 साल के बुजुर्ग की मौत शव मोर्चरी में रखा

**अंबाला।** 60 वर्षीय पवन कुमार उर्फ वकील की सिविल अस्पताल अंबाला शहर में उपचार के दौरान मृत्यु हो गई है। शव को शिनाख्त हेतू 72 घंटे के लिए सिविल अस्पताल की मोर्चरी में रखा गया है। जांच अधिकारी एएसआई गुरविंद्र सिंह ने बताया कि पवन कुमार उर्फ वकील की उम्र लगभग 60 वर्ष, रंग सांवला, गोल चेहरा, हष्ट-पुष्ट वृद्ध व्यक्ति, कद 5 फुट 9 इंच तथा उसने नीले सफेद रंग चेकदार कमीज व ग्रे रंग का कोट व ग्रे रंग की पैट पहनी हुई है। उन्होने यह भी बताया कि यह वृद्ध व्यक्ति पिछले 6-7 वर्षों से यहीं घूमता रहता था।

### अंबाला छावनी से चलेगी प्रयागराज के लिए बस

**अंबाला।** जीएम रोडवेज अश्वनी डोगरा ने बताया कि परिवहन मंत्री के आदेशानुसार रोजाना अंबाला कैंट से दोपहर 12 बजे प्रयागराज के लिए बस चलाई जाएगी। जोकि यह बस प्रयागराज में चल रहे मेले के खत्म होने तक 26 फरवरी तक चलेगी। उन्होंने यह भी बताया कि यह बस अंबाला कैंट से दिल्ली, मथुरा, आगरा व कानपुर होते हुए प्रयागराज सुबह 7 बजे पहुंचेगी।

# नारायणगढ़ बनेगा मॉडल शहर, नगरपालिका को प्लान बनाने के निर्देश

**खास बातें**

- सफाई, स्ट्रीट लाइट व पार्को की बदलेगी तस्वीर
- डीएमसी ने नपा सदस्यों के साथ अधिकारियों को दिए जरुरी निर्देश
- मुख्यमंत्री के आदेश पर हरकत में दिख रहे अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़


नारायणगढ़। नपा सदस्यों की मीटिंग लेते डीएमसी।

जिला नगर आयुक्त (डीएमसी) ने बुधवार को नगरपालिका सदस्यों की की बैठक लेकर उनकी समस्याओं को सुना। साथ ही नगरपालिका क्षेत्र में विकास कार्यों एवं सफाई व्यवस्था के बारे में अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में एसडीएम शाश्वत सांगवान, नगरपालिका प्रधान रिंकी वालिया, उपप्रधान आईना गुप्ता, सचिव मोहित कुमार, एमई हरीश शर्मा, लेखाकार अश्वनी, जेई गुरजीत तथा सफाई निरीक्षक विनोद बैनीवाल सहित नपा सदस्य मौजूद रहे। डीएमसी ने कहा कि शहर वैसा बनेगा जैसा हम चाहते है। उन्होंने कहा कि नारायणगढ एक मॉडल शहर बने, इसको ध्यान में रख कर काम किया जाए। उन्होंने कहा कि नगरपालिका का सबसे महत्वपूर्ण कार्य साफ-सफाई का है और इसमें किसी भी प्रकार की कौताही न बरती जाए। उन्होंने कहा कि डोर-टू-डोर के टैंडर प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूरा किया जाए तथा बड़ी व छोटी स्वीपिंग मशीन नगरपालिका द्वारा खरीदी जाएं। उन्होंने कहा कि एजैंसी द्वारा नाइट स्वीपिंग का कार्य जिस क्षेत्र में हो रहा है वहां के नागरिकों से लिखित में जानकारी ली जाए कि क्या वे सफाई कार्य से संतुष्ट हैं? उसके बाद ही एजेंसी को पैमेंट की जाए। उन्होंने नगरपालिका के सभी 15 वार्डों में 9 फरवरी तक सी एंड डी वेस्ट उठाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए। इसके लिए वार्ड अनुसार समय निर्धारित कर ट्रैक्टर ट्रॉली लगाई जाए।

सदस्यों को भी इस बारे में पहले जानकारी दी जाए। उन्होंने कहा कि शहर स्वच्छ बने और मॉडल शहर के तौर पर विकसित हो इसके लिए नगरपालिका प्रोजेक्ट बनाये। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि विकास कार्यों के लिए धन की कोई कमी नहीं है।नगरपालिका अधिकारियों को निर्देश दिए कि नगरपालिका की जमीन की निशानदेही करवा कर उस पर चार दीवारी/तारबंदी की जाए। शहर में स्थित सभी पार्को के सौंदर्यकरण तथा विकसित करने के लिए प्रपोजल तैयार करें। मॉडल पार्क बनाए जाएं। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों को सही प्रकार से नहीं करने वाली एजेंसी/ठेकेदारों को ब्लैक लिस्ट किया जाए।

**सभी स्ट्रीट व एलईडी लाइट्स लग जानी चाहिए**

10 मार्च तक शहर में स्थित सभी स्ट्रीट व एलईडी लाइट्स लग जानी चाहिए। इस बारे में भी टैंडर संबंधी कार्रवाई जल्द पूरी करें। जो स्ट्रीट लाइट खराब हो चुकी हैं उन्हें रिप्लेस करवाएं। उन्होंने कहा कि बेसहारा गोवंश को गौशाला में पहुंचाया जाए। गोशाला में नंदियों को रखने के लिए अलग से शैड बनवाने की भी व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग को रोकने के लिए लोगों को जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि इस बारे में नगरपालिका अधिकारी/कर्मचारी तथा सदस्य लोगों को जानकारी दें कि जो कोई भी सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग करता पाया जाएगा उसका चालान किया जाएगा। उन्होंने स्ट्रे डॉग तथा बंदरों की समस्या से निजात दिलाने के लिए भी नियमानुसार उचित कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि सडक़ों एवं नालियों के निर्माण के टैंडर संबंधी प्रक्रिया भी जल्द से जल्द पूरी की जाए।

### निकाय चुनाव का ऐलान होते ही हरकत में आए अफसर

# मेयर के निर्वाचन के लिए 191 बूथों पर 1.93 लाख मतदाता डालेंगे वोट

- अंबाला सदर नगर परिषद अध्यक्ष के साथ 32 सदस्यों की जीत के लिए 1.74 लाख मतदाताओं को भी मिलेगा मतदान का मौका, सभी बूथों पर मतदाताओं के लिए जरुरी व्यवस्थाएं करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। चुनाव अधिकारियों की मीटिंग लेते जिला निर्वाचन अधिकारी।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बुधवार को निकाय चुनाव को लेकर अधिकारियों की अहम मीटिंग ली। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि चुनाव आयोग की हिदायतों के तहत निकाय चुनाव सुनिश्चित करना उनकी जिम्मेदारी है। इस मौके पर उनके साथ नगर निगम आयुक्त, अतिरिक्त उपायुक्त ब्रह्मजीत सिंह, रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम अंबाला शहर दर्शन कुमार, रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम अंबाला छावनी विनेश कुमार, रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम बराड़ा अमित भारद्वाज, नगराधीश पूजा कुमारी, नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त दीपक सूरा भी मौजूद रहें। तोमर ने मेयर के व निकाय चुनावों के सफलतापूर्वक आयोजन को लेकर आरओ एवं एआरओ को नियुक्त करते हुए नोडल ऑफिसर के साथ-साथ सेक्टर ऑफिसर व अन्य को भी लगाने के निर्देश भी जारी कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग की घोषणा के उपरांत आचार संहिता लागू हो गई है। उन्होंने कहा कि अब विकास कार्य को लेकर कोई भी उद्घाटन व शिलान्यास नहीं हो सकता। इसके साथ ही उन्होंने सभी को अपने आर्म्स लाइसेंस जमा करवाने के भी निर्देश दिए। अब चुनाव के दौरान किसी भी तरह का लाइसेंस जारी नहीं होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि चुनाव के तहत सभी मतदान केंद्रों का आरओ मुआयना करें। जांच के दौरान सभी मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के लिए जरुरी व्यवस्थाएं करने के भी आदेश दिए। सभी केंद्रों में बिजली, पानी, रैंप, व शौचालयों के साथ-साथ बूथों के बाहर बूथ नंबर अंकित करने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने चुनाव को लेकर मतगणना केंद्रों, स्ट्रॉग रूम व मतदान सामग्री के वितरण सेंटर की भी जानकारी ली। कहा कि ये सभी कार्य भी होने सुनिश्चित होने चाहिए।

उन्होंने बताया कि मेयर चुनाव को लेकर अंबाला शहर में कुल 191 बूथ बनाए गए है। यहां मतदाताओं की संख्या 193260 है जिनमें पुरूष मतदाता 100418 व महिला मतदाता 92823 है। अन्य 19 मतदाता हैं। उन्होंने बताया कि नगर परिषद् अंबाला छावनी में नगर परिषद् अध्यक्ष व पार्षदों के लिए चुनाव होने है। इसके लिए 32 वार्ड बनाए गए है। साथ ही 156 बूथ भी बनाए गए हैं। यहां पर कुल मतदाता 178365 हैं। इनमें पुरूष मतदाता की संख्या 92382 व महिला मतदाताओं की संख्या 85975 तथा 8 अन्य मतदाता शामिल है। इसी प्रकार बराड़ा नगर पालिका चेयरमैन व सदस्य के चुनाव होने हैं। यहां पर 16 वार्ड के लिए 20 बूथ बनाए गए हैं। यहां पर कुल मतदाताओं की संख्या 19479 है। इनमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 10110 व महिला मतदाताओं की संख्या 9369 है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि नगर निकायों व मेयर के चुनाव के लिए 11 फरवरी से 17 फरवरी तक राजपत्रित अवकाश को छोडक़र सभी कार्य दिवसों में नामांकन पत्र दाखिल होंगे। इसके बाद 18 फरवरी को नामांकन पत्रों की जांच होगी। उम्मीदवार 19 फरवरी को सुबह 11 बजे से 3 बजे तक नामांकन वापिस ले सकते हैं। इसी दिन 3 बजे के बाद प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आबंटित कर दिए जाएंगे। 19 फरवरी को ही चुनाव लडऩे वाले प्रत्याशियों, मतदान केंद्रों की सूचि चस्पा कर दी जाएगी। 2 मार्च को सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान होगा। 12 मार्च को सुबह 8 बजे मतगणना का कार्य शुरू होगा।

इसी दिन मतगणना का परिणाम घोषित कर दिया जाएगा। तोमर ने कहा कि नगर निगम के तहत मेयर के चुनाव के लिए रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम अंबाला शहर दर्शन कुमार, बराड़ा नगर पालिका के लिए रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम अमित भारद्वाज, नगर परिषद अंबाला छावनी के लिए रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम विनेश कुमार नियुक्त किए गए हैं।


अंबाला। कार्यकर्ताओं को निर्देश देती चित्रा सरवारा। फोटो : हरिभूमि

# निकाय चुनाव घोषित होते ही एक्शन मोड़ में आई चित्रा

### 11 सदस्यीय आवेदन-तालमेल कमेटी गठित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला सदर नगर परिषद के चुनाव का ऐलान होते ही विधानसभा चुनाव में आजाद प्रत्याशी रही चित्रा सरवारा भी एक्शन मोड़ में आ गई। अपने आवास पर बुलाई गई मीटिंग में चित्रा ने चुनाव को लेकर अपने तमाम कार्यकर्ताओं को कमर कसकर एक बार फिर मैदान में उतरने के निर्देश दिए। चुनाव के लिए उन्होंने 11 सदस्यीय आवेदन व तालमेल कमेटी का गठन किया गया है। यह कमेटी निकाय चुनाव को लेकर चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों से आवेदन लेगी। साथ ही चुनावी जीत को लेकर भी पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं में तालमेल बनाएगी।

**पूरी मजबूती के साथ लड़ेंगे चुनावः चित्रा**

विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी अनिल विज को कड़ी टक्कर देने वाली चित्रा सरवारा ने कहा कि निकाय चुनाव भी पूरी ताकत व मजबूती के साथ लड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि उनके कार्यकर्ता चुनाव के लिए पहले से ही तैयार हैं। उन्होंने कहा कि नगर परिषद के सभी 32 वार्डों के साथ चेयरमैन पद के लिए भी मजबूत उम्मीदवार मैदान में उतारा जाएगा। उन्होंने कहा कि आवेदन लेने के बाद ही ठोस उम्मीदवारों क चयन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि चुनाव में उसके साथ मजबूती से खड़े रहने वाले कार्यकर्ताओं को ही उम्मीदवारी मिलेगी।

**विज व चित्रा समर्थकों में होगा मुकाबला**

विव चुनाव की तरह निकाय चुनाव में भी कैबिनेट मंत्री अनिल विज व चित्रा सरवारा समर्थक उम्मीदवारों में सीधा मुकाबला होने की बात कही जा रही है। विस चुनाव में प्रत्याशी की जमानत जब्त होने की वजह से कांग्रेस पहले ही निकाय चुनाव में कमजोर नजर आ रही है। इसी वजह से चित्रा ने अपने तमाम समर्थकों को पूरी ताकत के साथ मैदान में उतरने की बात कही। **कमेटी में इन नेताओं को मिली जिम्मेदारी :** युवा नेत्री चित्रा सरवारा ने निकाय चुनाव को लेकर बनाई गई कमेटी में पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर दुर्गा सिंह अत्री, पूर्व पार्षद विश्वनाथ यादव, नरिंद्र शाह, प्रमोद अग्रवाल, रतनलाल टांक, सुनीला विग, अविनाश, राजेश सचदेवा, नीटू, गुरपाल माजरा, सुरेंद्र शर्मा व सोनू चौधरी को शामिल किया है।

# अंबालाः पिछले साल 5 हजार नशा तस्करों को भेजा सलाखों के पीछे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

- छात्रों के साथ शिक्षकों को भी नशे के खिलाफ किया गया जागरुक



हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो प्रमुख एवं पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह के निर्देश पर बुधवार को शिक्षकों के साथ छात्रों को भी नशे के खिलाफ जागरुक किया गया। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा अभियान के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पहुंचे थे। विद्यालय के शिक्षकों की उपस्थिति में 210 छात्र छात्राओं और 13 शिक्षकों ने भाग लिया। वर्मा ने नशे के प्रकार, प्रतिबंधित नशे और चेतावनी युक्त नशों पर विस्तार से चर्चा करके बताया कि दोनों प्रकार के नशे मनुष्य के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालते हैं। उन्होंने बताया कि ब्यूरो द्वारा वर्ष 2023 में 3823 अभियोगों में 5918 अभियुक्तों को सलाखों के पीछे भेजा जा चुका है जबकि वर्ष 2024 में 3330 अभियोग अंकित करके 5201 नशा तस्करी में संलिप्त अपराधियों को सलाखों तक पहुंचाया जा चुका है। उन्होंने आगे कहा कि यदि ये नशे मनुष्य के लिए तनिक भी अच्छे होते तो सबसे पहले सरकार इनके लिए लाइसेंस जारी कर देती लेकिन ऐसा नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि यदि नशा मनुष्य के लिए तनिक भी अच्छा होता तो सबसे पहले माँ अपने बच्चे को खाने को देती। उन्होंने नशा पर दो कविताएं सुनाकर भी छात्र छात्राओं को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया। उन्होंने कहा कि नशे में डूबने का अभिप्राय कूल होना नहीं है और इससे बचना चाहिए। आरंभिक समय में प्रतिबंधित नशे अर्थात ड्रग्स व्यक्ति के मस्तिष्क को शून्य में ले जाते हैं जिससे उसे लगता है कि वह सब सांसारिक चिंताओं से मुक्त होकर अलग ही संसार में विचरण कर रहा है। उसके साथ ऐसा नहीं होता बल्कि नशे का प्रभाव तन मन और मस्तिष्क को क्षीण करता है। नशे के सेवन की पुनरावृति मनुष्य को भीतर तक खोखला कर देती है। युवा युवा न रहकर मृत समान हो जाता है। वर्मा ने बताया कि कोई भी व्यक्ति हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के हेल्पलाइन नंबर 9050891508 पर अथवा 1933 पर नशे के विरुद्ध गुप्त सूचनाएं दे सकते हैं। कार्यक्रम के अंत में शपथ ग्रहण करवाई गयी।

# शिविर में तीन शिकायतों का मौके पर ही किया समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. ब्रह्मजीत सिंह ने कहा कि समाधान शिविर का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं का एक ही छत के नीचे बैठकर सुनते हुए उसका तीव्रता से समाधान करना है। अतिरिक्त उपायुक्त बुधवार को जिला स्तर पर आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता करते हुए प्रार्थियों की समस्याओं को सुन रहे थे। उन्होंने बताया कि उपायुक्त अजय सिंह तोमर के मार्गदर्शन में प्रत्येक कार्य दिवस पर सुबह 10 से 12 बजे तक समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को उपायुक्त कार्यालय में समाधान शिविर आयोजित किया गया जिसमें अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. ब्रह्मजीत सिंह ने शिविर में आए प्रार्थियों की समस्याओं को विस्तार पूर्वक सुना और उनकी समस्याओं का मौके पर ही समाधान करवाया। इस दौरान 3 शिकायतें आई जिनमें से 2 शिकायतों का मौके पर ही निपटान कर दिया गया। एक शिकायत को विभाग को मार्क करते हुए निपटान के बारे में निर्देश दिए गए। इस मौके पर नगराधीश पूजा कुमारी, डीएसपी वीरेंद्र कुमार, डीआईपीआरओ धर्मेंद्र कुमार, एआईपीआरओ अजीत सिंह, अवतार सिंह व डिंपल मौजूद रही।

### डीसी से लगाई प्लाटों पर कब्जा दिलवाने की गुहार

**जींद।** गांव रामकली के ग्रामीणों ने बुधवार को डीसी से मिलकर गरीब तबके को दिए गए सौ-सौ गज के प्लाटों का कब्जा दिलाने, गली पर किए गए अवैध कब्जों को हटवाने की मांग की है। ग्रामीणो ने आरोप लगाया कि गांव का सरपंच इस मामले में भेदभाव कर रहा है। गांव रामकली निवासी बलबीर, धर्मबीर, रघुबीर समेत डीसी से मिलने पहुंचे ग्रामीणों ने बताया कि सरकार की योजना के अनुसार गरीब तबके के लोगों को सौ-सौ गज के प्लाट मिले थे। जिन पर लोगों को अभी तक कब्जा नही मिला है। जब वे उन प्लाटों पर निर्माण की कोशिश करते हैं तो गांव के सरपंच द्वारा उन्हें रोक दिया जाता है। पशु अस्पताल वाली गली जमीन पर कुछ लोगों ने अवैध कब्जे कर लिए हैं।

# विज ने सूरजमल को दी श्रद्धांजलि बोले-समाज को हुई अपूरणीय क्षति

हरिभूमि न्यूज. अंबाला

परिवहन और श्रम मंत्री श्री अनिल विज ने बुधवार को मेरठ के कस्बा सरधना में जाकर वरिष्ठ पत्रकार योगेंद्र शर्मा के पूज्य पिता, स्व. सूरजमल की रस्म पगड़ी में शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने स्व. सूरजमल जी को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके परिवार के साथ इस दुख की घड़ी में अपनी संवेदनाएं सांझा की। उन्होंने कहा कि स्व. सूरजमल का निधन समाज के लिए एक अपूरणीय क्षति है, और उनकी यादें हमेशा जीवित रहेंगी। विज ने शोक संतप्त परिवार के साथ समय बिताया। इसके बाद विज मेरठ छावनी के भाजपा विधायक अमित अग्रवाल ने शिष्टाचार भेंटवार्ता भी की। मेरठ आने पर विधायक ने मंत्री विज का हार्दिक आभार व्यक्त किया और उनकी कार्यशैली की भरपूर प्रशंसा की।


अंबाला। पत्रकार योगेंद्र शर्मा से गले मिलते मंत्री अनिल विज।

# अंबाला छावनी के एसडीएम ने संभाला चार्ज, डीसी ने सौंपा पौधा



**अंबाला।** एसडीएम अंबाला छावनी विनेश कुमार ने एसडीएम अम्बाला छावनी का पदभार ग्रहण कर लिया है। पदभार ग्रहण करने के उपरांत विनेश कुमार ने उपायुक्त अजय सिंह तोमर से उनके कार्यालय में भेंट की। इस मौके पर उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने नवनियुक्त एसडीएम विनेश कुमार को पर्यावरण का पौधा भेंट किया। इस दौरान निवर्तमान अंबाला छावनी के एसडीएम सतिंद्र सिवाच के लिए विदाई पार्टी का आयोजन किया गया। उन्हें भी उपायुक्त ने पर्यावरण का प्रतीक पौधा देकर शुभकामनाएं दी। बता दें कि छावनी के एसडीएम सतिंद्र सिवाच का तबादला थानेसर कुरूक्षेत्र में हो गया है। इनके स्थान पर विनेश कुमार ने एसडीएम का कार्यभार संभाल लिया है। इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त डा. ब्रहमजीत, एसडीएम बराड़ा अमित भारद्वाज, एसडीएम अंबाला शहर दर्शन कुमार, नगराधीश पूजा कुमारी, डीआईपीआरओ धर्मेन्द्र कुमार भी मौजूद रहे।

**अभियान** पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत सिंह कपूर के निर्देशानुसार हर्बल पार्क में अभियान चलाया

# अंबालाः राहगीरों को साइबर अपराध के खिलाफ किया जागरूक, किसी से बैंक खाते की डिटेल शेयर न करें

- 290 आम नागरिकों, पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ राहागीरों ने भाग लिया
- साइबर अपराध से बचने के लिए सतर्कता बरतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। साइबर अपराध के बारे में लोगों को जागरुक करते पुलिस के जवान।

पुलिस की ओर से बुधवार को पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत सिंह कपूर के निर्देशानुसार हर्बल पार्क में अभियान चलाकर आम नागरिकों को साइबर अपराधों से बचने की जानकारी दी। इस कार्यक्रम में लगभग 290 आम नागरिकों, पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ राहागीरों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान लोगों को साइबर एक्सपर्ट बबीत कौशल व साइबर पुलिस टीम के एएसआई फकीर चंद, हैड कांस्टेबल अजय ने साइबर अपराधों से बचने बारे विशेष जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किसी भी अनजान व्यक्ति की कॉल पर भरोसा करके आप अपने बैक के खाते की जानकारी सांझा न करें। अपने फेसबुक व वाट्सअप का पासवर्ड समय-समय पर बदलते रहे। ओटीपी को किसी से भी शेयर न करे, किसी भी अनजान व्यक्ति का वीडियो काल न उठाएं। बिना जानकारी के लालचवश ऑनलाईन सस्ते सामान को न खरीदे। पुलिस वर्दी में वीडियो कॉल करके डिजिटल अरेस्ट करने वालों से न डरें। साइबर अपराध से बचने हेतू सतर्कता बरतें। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पुलिस द्वारा साइबर जागरूकता अभियान लगातार चलाया जा रहा है। जिसका मुख्य उद्देश्य लोगों को साइबर अपराधों व धोखाधडी करने वाले ठगों से बचाना और जागरूक करना है। उन्होंने बताया कि साइबर अपराध घटित होने पर तुरंत साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें।